# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–05 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता से संबंधित मामले को इस महीने की 15 तारीख को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इस सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने जवाबी हलफनामे का बहुत गहराई से अध्ययन नहीं किया है। न्यायामूर्ति खन्ना ने कहा कि वे अगले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई की पीठ के समक्ष इस मामले को रखेंगे। न्यायमूर्ति गवई इस महीने की 14 तारीख से भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार ग्रहण करेंगे।

**********

प्रदेश सरकार ने मक्के का उत्पादन वर्ष 2027 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। बहुउपयोगी मक्के की खेती भी किसानों को खूब रास आ रही है। फिलहाल 2021–2022 में मक्के का उत्पादन 14.67 लाख मीट्रिक टन था। अब इसे बढ़ाकर 27.30 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य है। इसके लिए रकबा बढ़ाने  के साथ प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन बढ़ाने पर भी बराबर का जोर है।

**मक्के का प्रयोग इथेनॉल उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों, पशुओं एवं पोल्ट्री लिए पोषाहार, दवा, पेपर और एल्कोहल इंडस्ट्री में होता है। सरकार का मानना है कि बहुपयोगी होने की वजह से समय के साथ मक्के की मांग भी बढ़ेगी। इस बढ़ी मांग का अधिकतम लाभ प्रदेश के किसानों को हो इसके लिए सरकार मक्के को खेती के प्रति किसानों को लगातार जागरूक कर रही है। उनको खेती के उन्नत तौर तरीकों की जानकारी दे रही है। किसानों को अपनी उपज का वाजिब दाम मिले इसके लिए सरकार पहले ही इसे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के दायरे में ला चुकी है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता को चुनौती देने वालीयाचिका को आज खारिज कर दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता भी है, जो भारतीय कानून का उल्लंघन है। भारत में दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर को अन्य वैकल्पिक कानूनी उपाय अपनाने की छूट दी है। इसके साथ ही, कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह इस मामले में जल्द से जल्द अंतिम निर्णय ले, क्योंकि यह दो देशों की सरकारों से संबंधित संवाद का मामला है।

**********

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के लारी कार्डियोलॉजी विभाग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना और अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने मरीजों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और अस्पताल प्रशासन को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

**********

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के प्रतिनिधियों ने आज सभापति इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में मिर्जापुर का भ्रमण किया। इस दौरान टीम के द्वारा आपदा मित्र, एनआरएलएम समूह की महिलाओं सहित अन्य लोगों को दैवीय आपदा प्रबंधन, बचाव व राहत से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सभापति इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि सभी आपदा मित्र, ग्राम प्रधान व पंचायत सहायक सहित अन्य लोग अपने अपने मोबाइल में दामिनी एप एवं सचेत एप अवश्य डाउनलोड करे। यह दोनो एप वज्रपात के बारे में पूर्व सूचना देकर सचेत करता है, इस एप से वज्रपात से बचा जा सकता है।

**********

आईपीएल क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से होगा। यह मैच हैदराबाद में शाम साढे सात बजे शुरू होगा। सनराइजर्स अंक तालिका मे नौंवे स्थान पर है जबकि डेल्ही कैपिटल्स पांचवें स्थान पर है।

**********

मृदा नमूना एकत्रीकरण अभियान के तहत आज जौनपुर और वाराणसी के कई गांवों से मिट्टी को एकत्र कर प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर किसानों को जरूरत के हिसाब से उर्वरक के इस्तेमाल की सलाह दी जाएगी। नेशनल मिशन ऑन स्वायल हेल्थ एवं फर्टिलिटी योजना के तहत प्रदेश भर में मृदा नमूना एकत्रीकरण अभियान चलाया जा रहा है।

**********

प्रदेश के कई जनपदों में आज गरज और चमक के साथ हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। तापमान में गिरावट की वजह से आम लोगों को भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहत मिली है। मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज और कल बारिश, तेज हवा और वज्रपात का अलर्ट जारी किया हैं।

**********